परियोजना का नाम– जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर के अन्तर्गत द्वारसों–काकड़ीघाट मोटर मार्ग के ग्राम टनवाड़ी बैण्ड से बनी भैसोली लिंक रोड को ग्राम दलमोटी व बटुलिया तक मोटर मार्ग के नव निर्माण का कार्य लम्बाई 4.00 कि0मी0 लिंक

(25)

संलग्नक सं0–2.3

## प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट का प्रारूप

आज दिनाँक 16.02.2019 को प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग अल्मोड़ा के द्वारा शून्य से 4.00 कि0मी0 तक बनाये जाने वाले मार्ग/प्रस्तावित परियोजना को बनाये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री ........दीपक पन्त........ कालिका अनुभाग, राजस्व विभाग की ओर से श्री ........सुरेन्द्र सिंह........ उप निरीक्षक मल्ली रियूनी, तहसील–रानीखेत, जिला अल्मोड़ा, प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री जगदीश प्रसाद, कनिष्ठ अभियन्ता एवं किशोर चन्द्र भट्ट, अमीन के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 1850 (मी0) नाप भूमि.से, 900 (मी0) सिविल भूमि से, 200 (मी0) वन पंचायत से, 1050 (मी0) आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 1.665हे0 नाप भूमि 0.810 हे0 सिविल भूमि 0.810 हे0 वन पंचायत भूमि 0.945 हे0 आरक्षित वन भूमि की आवश्यकता होगी। इसके अतिरिक्त मलवा निस्तारण हेतु 0.270 है0 भूमि इस प्रकार कुल 2.205 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग 375 वृक्ष चीड़, बॉज प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से 9 वृक्ष बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे ।

इस समरेखण के तुलना में जो वैकल्पिक समरेखण देखे गये उसमें 1160 (मी0) नाप भूमि. से, 940 (मी0) सिविल भूमि से, 300 (मी0) वन पंचायत से, 1600 (मी0) आरक्षित वन भूमि प्रभावित होगी एवं इस समरेखण/स्थल के चयन में कुल 1.044 हे0 नाप भूमि 0.846 हे0 सिविल भूमि 0.270 हे0 वन पंचायत भूमि 1.440 हे0 आरक्षित वन भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 2.556 हे0 भूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी । इस समरेखन पर /चुने गये स्थल पर लगभग 418 वृक्ष चीड़, बॉज, काफल प्रजाति प्रजाति के इस परियोजना के निर्माण से प्रभावित होंगे, जिनमें से 60 वृक्ष बांज प्रजाति के प्रभावित होंगे ।

अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

प्रभावित होने वाली नाप भूमि चीड़, बॉज प्रजाति के वन हैं एवं प्रभावित होने वाली सिविल पर चीड़ प्रजाति के .वन हैं एवं वन पंचायत भूमि में चीड़ प्रजाति के वन हैं। जिनका वर्तमान वन आच्छादन 0.2 है। चुने गये समरेखन का प्रारम्भ होने के स्थल का GPS मान 29°37'41.859"E, 79°30'50.469"N तथा अन्तिम बिन्दु का GPS मान 29°38'21.182"E, 79°29'59.681"N है तथा यह स्थल भैसोली से प्रारम्भ होता है तथा समरेखण का अन्तिम स्थल दलमोटी है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा नही है। चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन नही होगा। इस समरेखण पर मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण हेतु स्थल उपयुक्त पाये गये हैं जिनका GPS मान 29°37'43.617"N, 79°30'49.853"E, 29°37'49.044"N, 79°30'44.196"E, 29°37'54.658"N, 79°30'34.602"E, 29°38'0.718"N, 79°30'26.856"E, 29°38'2.672"N, 79°30'14.097"E, 29°38'8.003"N, 79°30'8.121"E, 29°38'16.693"N, 79°30'14.470"E, 29°38'22.084"N, 79°30'11.765"E, 29°38'21.663"N, 79°30'1.477"E

| | | | |
|---|---|---|---|
| अमीन<br>प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,<br>अल्मोड़ा | कनिष्ठ अभियन्ता<br>प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,<br>अल्मोड़ा | सहायक अभियन्ता<br>प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,<br>अल्मोड़ा | अधिशासी अभियन्ता<br>प्रान्तीय खण्ड,लो0नि0वि0,<br>अल्मोड़ा |

जिलाधिकारी अल्मोड़ा

संयुक्त मजिस्ट्रेट रानीखेत

प्रभागीय वनाधिकारी, अल्मोड़ा वन प्रभाग, अल्मोड़ा

उपप्रभागीय वनाधिकारी रानीखेत अल्मोड़ा वन प्रभाग अल्मोड़ा

वन क्षेत्राधिकारी रानीखेत वन क्षेत्र अल्मोड़ा वन प्रभाग